an>

Title: Need to declare Kolham University in Singhbhum, Jharkhand a Central University.

श्री लक्ष्मण गिलुवा (सिंहभूम) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे महत्वपूर्ण विषय को शून्य काल में उठाने का मौका दिया।

अध्यक्ष महोदया, झारखण्ड राज्य के अंतर्गत सिंहभूम में कोलहान क्षेत्र एक एजुकेशन हब बने, इसके लिए कोलहान विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा मिले, इसके लिए मैं आपके द्वारा सरकार से अनुरोध करता हूं।

अध्यक्ष महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र सिंहभूम में कोलहान विश्वविद्यालय स्थापित है। झारखण्ड और कोलहान आदिवासी बहुल क्षेत्र है। आजादी के इतने वर्षों के बाद भी आदिवासियों के बीच में जो साक्षरता की दर है, विकास की दर है, वह बहुत कम है। इसके लिए कोलहान क्षेत्र में आदिवासी और अति पिछड़ी जाति को बेहतर एजुकेशन मिले, अच्छी शिक्षा मिले, इसके लिए कोलहान विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा मिले।

अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि झारखण्ड राज्य में जो साक्षरता का माहौल बनाना है और आदिवासियों के बीच में तीव्र शिक्षा का विकास हो, इसके लिए आवश्यक है कि कोलहान विश्वविद्यालय, जो कि आदिवासी क्षेत्र में स्थापित है, इसको केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा मिले। यही मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं।

माननीय अध्यक्ष : श्री देवजीभाई गोविंदभाई फतेपारा - उपस्थित नहीं।

श्री राम प्रसाद सरमा - उपस्थित नहीं।